

## इस दशक की भारतीय टेस्ट टीम, कोहली को कमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बीते एक दशक में भारतीय टेस्ट टीम का रेकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है। आंकड़ों के लिहाज से भारतीय टीम का प्रदर्शन क्रिकेट की दिग्गज टीम ऑस्ट्रेलिया से भी आगे रहा है। प्लेइंग इलेवन में उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिन्होंने एक दशक में कम से कम 30 टेस्ट मैच खेले हों। अगर यह कंडीशन न होती तो राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण आराम से किसी भी प्लेइंग इलेवन में जगह बना लेते। उनके नाम पर इसलिए चर्चा नहीं की गई क्योंकि उन्होंने कम टेस्ट मैच खेले हैं।

**ऑस्ट्रेलिया से भी आगे रही टीम इंडिया**

भारतीय टीम ने इस दशक में कुल 107 टेस्ट मैच खेले और उसमें से 56 में जीत हासिल की और 29 मुकाबले हारे। 22 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे। भारत की जीत का औसत 52.33 प्रतिशत रहा। जीत प्रतिशत के लिहाज से भारत के बाद नंबर ऑस्ट्रेलिया का आता है जिसने 112 टेस्ट मैचों में से 57 जीते और 38 हारे। 17 मुकाबले ड्रॉ रहे। ऑस्ट्रेलिया का जीत प्रतिशत रहा 50.89 का। साउथ अफ्रीका ने 90 में से 45 जीते और 25 हारे। 20 ड्रॉ रहे। यानी उसका जीत का प्रतिशत रहा 50 का।

# आईपीएल का प्रदर्शन धोनी के टी20 वर्ल्ड कप जाने का फैसला करेगा

**क्रिकेट**

## धोनी ने अपने भविष्य के बारे में अभी तक कुछ नहीं कहा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के पूर्व चीफ कोच और कप्तान रहे दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले को लगता है कि महेंद्र सिंह धोनी का अगले साल ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में जगह बनाना आईपीएल–2020 के उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

कुंबले ने क्रिकेटनेक्स्ट से कहा, 'यह इस बात पर काफी हद तक निर्भर करता है कि धोनी आईपीएल में किस तरह का प्रदर्शन करते हैं और अगर भारतीय टीम को लगता है कि उन्हें वर्ल्ड कप के लिए धोनी की जरूरत है तो वहां से वह टीम का हिस्सा बन सकते हैं.. लेकिन हमें देखना होगा।' टेस्ट में धोनी के कप्तान रह चुके कुंबले ने कहा है कि टीम प्रबंधन को विकेट लेने वाले विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ



जाना चाहिए न कि हरफनमौला खिलाड़ियों के साथ। उन्होंने कहा, 'मुझे निश्चित तौर पर लगता है कि आपको विकेट लेने वाले गेंदबाजों की जरूरत है और इसलिए कुलदीप यादव तथा युजवेंद्र चहल को टीम का हिस्सा होना चाहिए।

उन्होंने कहा, यह अहम है कि आप विकेट लेने वाले गेंदबाजों के बारे में सोचें। अगर आपको लगता है कि आपको सिर्फ तेज गेंदबाजों की जरूरत जो आपको विकेट निकाल कर देंगे, बजाए हरफनमौला खिलाड़ियों के, मुझे यह लगता है कि यह अच्छा होगा।' कुंबले ने साथ ही कहा है कि आस्ट्रेलिया के लिए टीम का चुनाव करना लंबी प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, 'यह जरूरी है कि भारत इस बारे में सोचना शुरू करे कि ऑस्ट्रेलिया में कौन अच्छा प्रदर्शन करेगा और कौन वे गेंदबाज हैं जिनके पास विकेट लेने की काबिलियत है क्योंकि इससे विपक्षी टीम पर दबाव आ जाएगा।' कुंबले को लगता है कि भारत को वर्ल्ड कप से 10–12 मैच पहले टीम का चुनाव कर लेना चाहिए। धोनी ने अपने भविष्य के बारे में अभी तक कुछ नहीं कहा है। उन्होंने जुलाई–2019 में आखिरी वनडे खेला था, जो वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मैच था। उस मुकाबले में भारत को दिल तोड़ने वाली हार मिली और टीम इंडिया का सफर वर्ल्ड कप में भी समाप्त हो गया। उसके बाद से धोनी टीम में नहीं हैं। इससे पहले बीसीसीआई चीफ सौरभ गांगुली ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी ने अपने भविष्य को लेकर कप्तान विराट कोहली और सिलेक्टर्स से जरूर बात की होगी। गांगुली ने कहा था, 'उन्होंने (धोनी) कप्तान से बात की है और मुझे यकीन है कि चयनकर्ताओं से भी बात की होगी।'

# साउथ अफ्रीका की जीत का मखौल बनाने वाले भारतीय फैन को स्टेन ने आड़े हाथों लिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन सोशल मीडिया पर भी काफी ऐक्टिव रहते हैं और उन्होंने भारतीय प्रशंसक की उस समय बोलती बंद कर दी जब उसने इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत का मजाक बनाया। साउथ अफ्रीकी टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में 107 रन से जीत दर्ज की। साउथ अफ्रीका के लिए 93 टेस्ट और 125 वनडे खेल चुके स्टेन ने ट्विटर पर कप्तान फाफ डु प्लेसिस और कोच मार्क बाउचर को बधाई दी।

एक भारतीय प्रशंसक ने इस पर लिखा कि अपनी धरती पर यह जीत मिली है जिस पर स्टेन



ने जवाब दिया, 'यानी भारत की भारत में जीत को भी नहीं गिना जाएगा। वैसे भी ईश्वर ने इसमें कुछ नहीं किया है, इडियट।'

साउथ अफ्रीका ने सेंचुरियन में इंग्लैंड को 107 रन से हराकर 4 मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली। यह मुकाबला वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप का हिस्सा था जिसमें जीत से साउथ टीम को 30 अंक मिले। मुकाबले में विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डि कॉक को मैन ऑफ द मैच चुना गया जिन्होंने पहली पारी में 95 रन बनाए।


इसी साल स्टेन ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। हालांकि उन्होंने वनडे और टी20 खेलते रहने का फैसला किया। स्टेन ने 93 टेस्ट मैचों में 439 विकेट लिए और वह सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में की सूची में टॉप–10 में शामिल हैं।

उन्होंने अपने करियर में 26 बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट और मैच में 5 बार 10 या इससे अधिक विकेट लिए।

## हंपी ब्लिट्ज प्रतियोगिता में 12वें स्थान पर रही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी का अंतिम तीन दौर में हार के कारण विश्व महिला रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज चौंपियनशिप में दूसरा खिताब जीतने का सपना टूट गया और दो दिन तक चली ब्लिट्ज प्रतियोगिता के आखिर में उन्हें 12वें स्थान से संतोष करना पड़ा। रूस की कैटरीना लागनो और नार्वे के मैगनस कार्लसन ने क्रमशरू महिला एवं पुरुष ब्लिट्ज चौंपियनशिप में अपना खिताब बरकरार रखा। शनिवार को चीन की ली टिंगजी के खिलाफ आर्मेगेडोन बाजी ड्रा कराकर विश्व महिला रैपिड शतरंज चौंपियनशिप जीतने वाली हंपी पहले दिन नौ दौर के बाद सात अंक लेकर दूसरे स्थान पर चल रही थी। लेकिन यह 32 वर्षीय खिलाड़ी अपनी लय बरकरार नहीं रख पायी और आखिर में 17 बाजियों में 10.5 अंक ही बना पायी। हंपी ने ब्लिट्ज प्रतियोगिता के दूसरे दिन की शुरुआत पहली दो बाजियों में जीत दर्ज करके की। इसके बाद उन्होंने दो ड्रा खेले और 13वें दौर के बाद वह लागनो के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर थी। हंपी और लागनो के 13वें दौर के बाद समान दस अंक थे। इसके बाद 14वें दौर में भारतीय खिलाड़ी ने रूस की अलिसा गैलियामोवा के खिलाफ बाजी ड्रा खेली और वह दूसरे स्थान पर खिसक गयी।

## न्यूज डायरी



### ब्रिसबेन में वापसी करेंगी शारापोवा, वाइल्ड कार्ड मिला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। विश्व की पूर्व नंबर–1 महिला टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा 2020 के अपने अभियान की शुरुआत ब्रिसबेन में करेंगी जिसके लिए आयोजकों ने उन्हें वाइल्ड कार्ड दिया है। यह 32 वर्षीय रूसी खिलाड़ी अगस्त में यूएस ओपन में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी अमेरिका की दिग्गज सेरेना विलियम्स से पहले दौर में हारने के बाद किसी टूर्नामेंट में नहीं खेली हैं। शारापोवा ने इंस्टाग्राम पर विडियो मेसेज में कहा, 'हाय ब्रिस्बेन। मुझे तुम्हारी बहुत कमी खली और मैं अपने सत्र की शुरुआत आपके टूर्नामेंट और आपके शहर में करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।'

शारापोवा 2019 सत्र में कंधे की चोट से जूझती रहीं और इस कारण केवल 15 प्रतिस्पर्धी मैच ही खेल पाईं। इससे वह विश्व रैंकिंग में 133वें स्थान पर खिसक गईं। उन्होंने 2015 में ब्रिस्बेन ओपन का खिताब जीता था। इस बार यह टूर्नामेंट सोमवार से शुरू होगा।

### तोक्यो के लिये नयी उम्मीदें जगाकर विदा हुआ 2019

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। क्रिकेट के मैदान पर सफलता की नयी सीढ़ियां चढ रही भारतीय क्रिकेट टीम के लिये विश्व कप सेमीफाइनल में हार कसक बनकर रह गई लेकिन ओलंपिक से जुड़े खेलों में शानदार प्रदर्शन से खिलाड़ियों ने तोक्यो 2020 के लिये नयी उम्मीदें जगाई । हाकी टीमों के लिये यह साल कामयाबी की नयी दास्तां लिख गया जिसमें पुरूष और महिला दोनों टीमों ने तोक्यो का टिकट कटाया । रियो ओलंपिक 2016 में नाकाम रहे निशानेबाजों ने इस साल राइफल पिस्टल विश्व कप और फाइनल्स में 21 स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक अपनी झोली में डाले । इसके साथ ही 15 ओलंपिक कोटा स्थान भी भारत को मिले जो अब तक का रिकार्ड है । निशानेबाजी रेंज पर मनु भाकर, सौरभ चौधरी, दिव्यांश सिंह पंवार और इलावेनिल वालारिवान की युवा ब्रिगेड ने जलवा बिखेरा।

### आईसीसी की टेस्ट को चार दिवसीय करने की योजना, इंग्लैंड ने किया समर्थन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड ने व्यस्त कार्यक्रम के भार को कम करने के लिए टेस्ट क्रिकेट को पांच की जगह चार दिन का करने की इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की योजना का समर्थन किया है। आईसीसी 2023 से वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप में शामिल मुकाबलों को अनिवार्य रूप से चार दिवसीय करने पर विचार कर रहा है।

ईसीबी के प्रवक्ता ने 'डेली टेलीग्राफ' से कहा, 'यह इस खेल के जटिल कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कार्यभार की जरूरतों को स्थायी समाधान मुहैया करा सकता है।' टेस्ट क्रिकेट का इतिहास लगभग 140 साल पुराना है जहां इसे पांच दिन के फॉर्मेट में खेला जाता है। अगर 2015–2023 सत्र में चार दिवसीय टेस्ट मैच खेले जाते तो खेल से 335 दिन बच जाते। चार दिवसीय टेस्ट कोई नई अवधारणा नहीं है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड और आयरलैंड ने चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था। इससे पहले 2017 में साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे ने भी ऐसा ही मैच खेला था।

### बुमराह ने 2019 को उपलब्धियों और सीखने का वर्ष बताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मंगलवार को वर्ष 2019 को मैदान के अंदर और बाहर 'उपलब्धियों, सीखने और यादों' का साल बताया और कहा कि वह 2020 में एक अन्य सफल साल का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। बुमराह ने अपने ट्विटर हैंडल पर इस साल अपनी उपलब्धियों की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा है, 'वर्ष 2019 मैदान के अंदर और बाहर उपलब्धियों, सीखने, कड़ी मेहनत और सुखद यादें जोड़ने का साल रहा। वर्ष 2020 में मैं जो भी हासिल करूंगा मुझे उसका इंतजार है।' बुमराह वर्ष 2019 में न सिर्फ तीनों प्रारूपों में भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ बने बल्कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भी बने। इसी वर्ष बुमराह हरभजन सिंह और इरफान पठान के बाद टेस्ट क्रिकेट में हैटट्रिक लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बने।